SONA COMSTAR

Date: - 22nd June, 2026

| BSE Ltd.<br>Regd. Office: Floor - 25,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai-400 001. | National Stock Exchange of India Ltd.<br>Listing Deptt., Exchange Plaza,<br>Bandra Kurla Complex, Bandra (East),<br>Mumbai - 400 051 |
|---|---|
| BSE Scrip Code: 543300 | NSE Scrip: SONACOMS |

**SUBJECT: - SUBMISSION OF NEWSPAPER CLIPPINGS**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to Regulation 30 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and provisions of the Companies Act, 2013 read with Circular issued by Ministry of Corporate Affairs, we hereby enclose copies of the Notice for the attention of the Equity Shareholders of the Company published on 22nd June, 2026 in Business Standard (English and Hindi) newspapers in respect of information regarding 30th Annual General Meeting scheduled to be held on Wednesday, 15th July, 2026 at 12.00 Noon (IST) through Video Conference (VC) / Other Audio-Visual Means (OAVM).

This is for your information and record.

Thanking you,

**For SONA BLW PRECISION FORGINGS LIMITED**

Pankaj Gupta
Digitally signed by Pankaj Gupta
Date: 2026.06.22 19:01:36 +05'30'

**Pankaj Gupta**
**Senior Vice President (Legal),**
**Company Secretary and Compliance Officer**

Enclosed: As above

**SONA BLW Precision Forgings Ltd.**
**Regd Office & GGN Works**
Sona Enclave, Village Begumpur Khatola
Sector 35, Gurugram 122004
Haryana India
**T** +91 124 476 8200

**Manesar Works**
Plot No. 13, Sector-2
IMT Manesar, Gurugram
Haryana 122050 India
**T** +91 124 476 8200

enquiry@sonacomstar.com
**www.sonacomstar.com**

**CIN** L27300HR1995PLC083037

NEET(UG) RETEST

# 2 mn candidates, 700K personnel and fresh test of trust

AUHONA MUKHERJEE
New Delhi, 21 June

More than 2 million candidates appeared for the National Eligibility-cum-Entrance Test (Undergraduate) Neet(UG) 2026 re-examination on Sunday, one of the largest entrance tests conducted in the country, even as students at several centres took to social media to complain about long queues, heat exposure, and inadequate facilities.

The National Testing Agency (NTA), meanwhile, described the exercise as a coordinated effort involving nearly 700,000 personnel and multiple government agencies.

The re-examination saw more than 2 million candidates appear, according to NTA, compared with 2.2 million candidates who had appeared for the original May 3 examination, which recorded a turnout of 96.92 per cent. Detailed attendance figures for the retest were not immediately available.

In an after-examination note released after the test, NTA said nearly 700,000 officials, police personnel, observers, and examination staff were mobilised to conduct the examination within 37 days. The agency said Aadhaar-based biometric and facial authentication, closed-circuit television (CCTV) surveillance, signal jammers, and two-layer frisking were deployed across centres, while command-and-control centres were established at the national, state, and district levels to monitor the examination.


Candidates going through security screening before entering an examination centre in New Delhi on Sunday PHOTO: PTI

The retest was conducted in 13 languages and involved support from multiple central ministries, state governments, the Central Armed Police Forces, the Indian Air Force, the Department of Posts, the National Informatics Centre, and public-sector banks, according to NTA.

The agency said special arrangements were made for more than 10,000 persons with disabilities and around 81 candidates with medical conditions, including a student recovering from a road accident and another undergoing chemotherapy. Several states also provided drinking water, food, shaded waiting areas, ambulances, and free transportation for candidates, it said.

Despite the extensive arrangements claimed by authorities, several students and parents posted complaints on social media during and after the examination. Candidates at some centres reported being made to wait outside for long periods in the heat, while others flagged overcrowding, delays in entry procedures, and inadequate seating or waiting facilities for parents.

Some posts also questioned crowd-management measures outside examination venues.

The medical entrance examination was first held on May 3 but was subsequently cancelled amid concerns over its conduct, prompting the government to order a fresh test on June 21. In the weeks that followed, authorities announced a strengthened security framework for the re-examination, including Aadhaar-linked biometric verification, facial authentication, CCTV monitoring, signal jammers, and enhanced police deployment.

Last week, the Centre also temporarily banned the peer-to-peer messaging platform Telegram across India until June 22, ahead of the re-examination scheduled for June 21.

The cancellation of the May test and the subsequent decision to hold a re-examination extended the admission process for hundreds of thousands of aspirants by several weeks. The intervening period was marked by uncertainty among students and parents, with reports of suicides by some Neet aspirants drawing attention to the pressures associated with high-stakes competitive examination.

In its statement, the agency described the examination as a nationwide effort involving ministerial, administrative, police, and local authorities. "More than 2 million aspirants. One exam," NTA said, thanking candidates and officials involved in the conduct of the re-examination.

# Stir erupts against Karnataka's AI city

ANUSHKA BHARDWAJ
Bengaluru, 21 June

About 45 km from the tech hub of Bengaluru, the Karnataka government is planning a mega artificial intelligence (AI)-powered city with a budget of more than ₹18,000 crore.

To be spread over 9,000 acres, the project aims to follow the theme "Work, live, play" with technology as its core. At the centre of it are, however, thousands of farmers who are protesting against land acquisition by the government.



1. Part of the 9,000-acre land that the government plans to acquire for AI city;
2. Farmers protest against the notification for acquisition of land in three villages

"This is my ancestral land and my identity, and this is all that I have," said V R Nagarjuna, a farmer in Byramangala. As he walks through his farms, he refutes the government's claim of the land being infertile and loss-making. "There are over 300,000 trees here and they are a source of income for more than 5,000 farmer families. It is wet land." The road that leads to the village has pandals for farmers who have been travelling in trucks from farther villages to join the protest.

"We are here because we saw similar acquisition attempts in our village. We had lodged a strong protest and the proposal was taken back," said a teacher from Kuruvalli village, Ballary district. On Sunday, the government started issuing compensation after sending final notification for acquiring 500 acres in three villages. Last week, It floated a ₹26 crore tender to hire a consultant to prepare the masterplan for the AI city. This has intensified the protests, which started almost 470 days ago.

"Five days ago, we had to block the entire road to gather the attention of the authorities, even if it's of the Opposition party," said Raja Prabhu, another farmer. The plan involves acquiring land in two gram panchayats, which include 26 villages. Nine of them are revenue villages.

The government, meanwhile, has offered compensation of as much as ₹2 crore for 1-acre or 50 per cent of the developed residential land. "Our fight is not for compensation. It is for our land, which gives us enough money to sustain ourselves and a peaceful healthy environment to live in," said Prabhu.

Villagers say that even though about 20 per cent of the farmers have agreed to take compensation, it does not reflect the larger view. "There have been converts. Some are party supporters, some are convinced with the offer, but most of them are the ones who own larger pieces of land," said Byrappa.

"They are being offered jobs of security guards or helpers in the new hub but it's about having asset ownership, especially when it is not loss-making," Byrappa added.

According to an RTI (right to information) reply received by a farmer of South Bengaluru from the horticulture department, the nine revenue villages being acquired will lead to the felling of hundreds of thousands of trees. The reply, first published by *The Hindu*, reveals that the area has 83,536 arecanut trees, 87,903 coconut trees, 12,550 mango trees, and 306,506 banana plants, in addition to 2,344 chikoo trees, about 2,500 rose plants. The biggest impact will be on ragi cultivation, which is spread across 231 acres. According to a mapping by the Indian Institute of Science, Bengaluru, the city has lost 93 per cent of forest and lake cover since the 1970s.

According to the details of the project, a central business district will be designed with a future-ready infrastructure and a walk-to-work eco system. The project commits robotics and automation for logistics, AI-powered governance, and IoT (internet of things) sensor networks for real-time monitoring of water, energy and traffic, among other things. "When they think about planning, it is all urban at the cost of rural. There's a huge mismatch," said Vijay Nishant, a Bengaluru-based environmentalist at the protest.

## University of Melbourne seeks deeper India engagement


AUHONA MUKHERJEE
New Delhi, 21 June

The University of Melbourne is looking to deepen its engagement with India through student recruitment, dual-degree programmes, research collaborations and industry partnerships, even as Australia tightens its international student visa regime.

Michael Wesley, deputy vice-chancellor for global, culture and engagement at the University of Melbourne, tells *Business Standard* that the institution has opposed the recent increase in Australia's student visa fees and is adapting to stricter scrutiny of international applicants amid a broader government crackdown on visa fraud. "One was an increased visa fee, which we think is very regrettable. We've lobbied hard with the Australian government to not do that, but so far unsuccessfully." Australia has tightened oversight of international education in recent years as policymakers seek to curb migration and tackle misuse of the student visa system. Wesley says universities are also playing a larger role in ensuring that only genuine students enter the admissions pipeline.

"The second issue is that the government has cracked down on visa fraud — people who are not genuine students applying for student visas. We've done a lot more screening for people who apply to come to the University to make sure we weed out visa fraud before it reaches the stage where the government has to make a decision," he says. Despite the changes, Wesley says the university has not seen a decline in demand from India, one of Australia's largest source countries for international students. "We haven't really seen much of a weakening in terms of the demand of Indian students to come to the University of Melbourne. It would be nice to see a big growth in that, but we haven't seen any drop-off as yet."

More on business-standard.com




SONA COMSTAR

**SONA BLW PRECISION FORGINGS LIMITED**

**CIN: L27300HR1995PLC083037**
**Registered and Corporate Office:** Sona Enclave, Village Begumpur Khatola, Sector 35, Gurugram, Haryana – 122004, India
**Telephone:** +91 124 476 8200
**E-mail:** investor@sonacomstar.com, **Website:** www.sonacomstar.com

**NOTICE TO THE SHAREHOLDERS OF 30TH ANNUAL GENERAL MEETING**

**Notice is hereby given that 30th Annual General Meeting (AGM) of Sona BLW Precision Forgings Limited ("the Company") is scheduled to be held on Wednesday, 15th July, 2026 at 12:00 Noon (IST), through Video Conferencing mode(VC)/Other Audio Visual Means(OAVM) facility** without the physical presence of the members at the Common Venue, to transact the business items as set out in the Notice of the AGM.

The Company has sent the Notice of 30th AGM through electronic mode on **Saturday, 20th June, 2026** to only those members of the Company whose email address are registered with the Company/ Depository Participant(s) as on **Friday, 12th June, 2026** in accordance with the Ministry of Corporate Affairs (MCA) General Circular No. 3/2025 dated 22nd September, 2025 read with Circular No. 20/2020 dated 5th May, 2020, Circular No. 14/2020 dated 8th April, 2020, Circular No. 17/2020 dated 13th April, 2020 and other applicable circulars issued by MCA in this regard and applicable circulars issued by Securities and Exchange Board of India. The requirement of sending the physical copies of Annual Report has been dispensed with, reference to above mentioned Circulars. The Notice of 30th AGM along with the Annual Report of the Company is available on the Company's website at **www.sonacomstar.com** and on the website of the Stock Exchange(s) i.e, BSE Limited at **www.bseindia.com** and National Stock Exchange of India Limited at **www.nseindia.com**, on the website of NSDL at **evoting.nsdl.com**. Members may access the Annual Report of the Company through **https://sonacomstar.com/investor/annual-reports-and-returns**.

Pursuant to the provisions of Regulation 36(1)(b) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company will also dispatched letter to those shareholders, whose e-mail IDs are not registered with the Company or its Registrar & Share Transfer Agent or Depository Participant(s), providing the weblink of Company's website and QR Code, where the Annual Report for the Financial Year 2025 - 26 can be accessed.

Members can attend and participate in AGM through VC/OAVM facility only. The instruction for joining the AGM and manner of participation in remote e-voting or casting vote for members holding shares in dematerialized mode, physical mode and for Members who have not registered their email addresses through the e-voting system during 30th AGM, is elaborated in the Notice of AGM, which has been sent to the Members through electronic mode on Saturday, 20th June, 2026. Members participating through VC/ OAVM facility shall be reckoned for the purpose of quorum u/s 103 of the Companies Act, 2013.

The Register of Directors and Key Managerial Personnel and their shareholding maintained under Section 170 of the Companies Act, 2013, the Register of Contracts or arrangements in which the directors are interested maintained under Section 189 of the Companies Act, 2013, Annual Report along with the AGM Notice and all other documents as referred in the Notice and explanatory statement, including certificate from the Secretarial Auditors of the Company obtained under Regulation 13 of SEBI (Share Based Employee Benefits and Sweat Equity) Regulations, 2021, will be available electronically for inspection, without any fee by the members, from the date of circulation of this Notice up to the date of AGM, i.e. **Wednesday, 15th July, 2026** and also during the AGM. Members seeking to inspect such documents can send an email at **investor@sonacomstar.com**.

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (as amended from time to time) and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (as amended from time to time) and the SEBI and MCA Circulars, the Company is providing facility of remote e-Voting and e-Voting at the AGM to its Members in respect of the business to be transacted at the AGM. For this purpose, the Company has entered into an agreement with National Securities Depository Limited (NSDL) for facilitating voting through electronic means, as the authorized agency.

The Members, whose names appear in the Register of Members / list of Beneficial Owners as on the **Cut Off Date i.e. Wednesday, 8th July, 2026** are entitled to vote on the Resolutions set forth in this Notice. A person who is not a Member as on the cut-off date should treat this Notice of AGM for information purpose only. Once the vote on a resolution is cast by a Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently or vote again during the AGM. A member may participate in the general meeting even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be entitled to cast their vote again in the meeting. Any shareholder who has acquired shares of the Company after dispatch of this Notice may obtain the login ID and password by following the procedure outlined in the Notice of the AGM.

The remote e-voting period begins on **Sunday, 12th July, 2026 at 9:00 A.M. (IST) and ends on Tuesday, 14th July, 2026 at 5:00 P.M. (IST)**. The remote e-voting module shall not be allowed beyond the aforesaid date and time and shall be disabled by NSDL for voting thereafter. The Members, whose names appear in the Register of Members / Beneficial Owners as on the Cut Off Date i.e., **Wednesday, 8th July, 2026** may cast their vote electronically. The voting right of members shall be in proportion to their share in the paid-up equity share capital of the Company as on the Cut-off date.

**Members who have not registered /updated email addresses are requested to follow the process as mentioned below:**

**Manner of registering / updating email addresses for members holding shares in dematerialised mode:** Members holding shares in dematerialised mode are requested to register/ update their email addresses by contacting their respective Depository Participants.

The Board of Directors of the Company has appointed Mr. Nitesh Latwal (Membership No. – ACS 32109; CP No.16276) and failing him Mr. Ajay Khandelwal (Membership No. – FCS 12387; CP No. 18606), Partners of PI & Associates, Firm of Practising Company Secretaries as the Scrutinizer to scrutinize the remote e-voting process and voting through electronic voting system at the AGM in a fair and transparent manner.

The Record date for the purpose of determining entitlement of the shareholders for the final dividend for Financial Year 2025-2026 is **Friday, 26th June, 2026**. The payment of the final dividend shall be made within 30 days from the date of its declaration/approval by the shareholders in the ensuing AGM. To avoid delay in receiving dividend, members are requested to update their KYC with their respective Depository Participants. The manner in which the members who wish to register Electronic Bank Mandate for receiving the dividends directly in their bank account(s) on payout date are detailed in the Notice of the AGM.

For any query members may contact the Company at 91-124-4768200 / E-Mail ID: **investor@sonacomstar.com** or Company's Registrar and Transfer Agents, KFin Technologies Limited having their office at Selenium Building, Tower B, Plot Nos. 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad – 500 032. Contact details: Toll Free No.: 1800-3094-001; or send an email request at the email id: **einward.ris@kfintech.com**.

SONA | SONA BLW | SONA COMSTAR | COMSTAR | COMSTAR | E-STAR (E-STAR)

For and on behalf of the Board of Directors of
**SONA BLW PRECISION FORGINGS LIMITED**
Sd/-
**Pankaj Gupta**
**Senior Vice President (Legal), Company Secretary and Compliance Officer**
**M.No. F4647**

**Date :** 20th June, 2026
**Place :** Gurugram

# ‘क्षमताओं की पहचान आत्मनिर्भरता से’

## प्रधानमंत्री ने आईएनएस अग्रय, आईएनएस दूनागिरि और आईएनएस संशोधक को नौसेना में शामिल किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि मजबूत समुद्री क्षमताएं किसी देश के आर्थिक और सामरिक प्रभाव को तय करने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं तथा भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है और इसके लिए तैयारी कर रहा है। मोदी ने कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेश निर्मित तीन पोतों को नौसेना में शामिल करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार देश बनकर नहीं रहना चाहता और देश के सशस्त्र बल दुनिया के लिए महज एक बाजार नहीं बने रह सकते।

उन्होंने कहा, ‘हमारी क्षमताओं की पहचान आत्मनिर्भरता से है, दुनिया के लिए बाजार बनने से नहीं।’ मोदी ने कहा, ‘कोई भी देश समुद्री ताकत के बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता। विकास, सुरक्षा और समृद्धि समुद्र से जुड़े हुए हैं। समुद्री क्षमताओं से लैस देश मजबूत होता है और उसका आर्थिक एवं सामरिक प्रभाव अधिक होता है।’ उन्होंने कहा कि भारत इस वास्तविकता को अच्छी तरह समझता है और इसके लिए स्वयं को तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेश निर्मित तीन पोतों स्टेल्थ फ्रिगेट ‘दूनागिरि’, सर्वेक्षण पोत ‘संशोधक’ और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत ‘अग्रय’ को नौसेना में शामिल किया। उन्होंने कहा कि प्रथम पंक्ति के ये पोत समुद्री युद्ध, जल सर्वेक्षण और पनडुब्बी रोधी युद्ध से जुड़ी महत्त्वपूर्ण अभियानगत क्षमताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। मोदी ने कहा कि भारत ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन

कुछ वर्ष पहले विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नौसेना में शामिल कर अपनी समुद्री क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को 2022 में नौसेना में शामिल किया गया था।

उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत से लेकर आज तक की भारत की यात्रा केवल नए युद्धपोतों की नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ने की यात्रा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आईएनएस अग्रय, आईएनएस दूनागिरि और आईएनएस संशोधक को नौसेना में शामिल किए जाने से इस यात्रा को गति मिल रही है। उन्होंने कहा, ‘इन तीनों पोतों का डिजाइन और निर्माण भारत में किया गया है तथा ये पोत देश की प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करते हैं।’ मोदी ने कहा कि भारत खरीदार देश से निर्माता देश में तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा, ‘जिस दिन हम निर्माता बन जाएंगे, उस दिन हम निर्णय लेने वाले भी बन जाएंगे।’

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कभी दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातक देशों में शामिल था और इस निर्भरता के कारण देश को सामरिक एवं सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए 2014 से नीतिगत स्तर पर बड़े सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी गई।’ उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में डिजाइन, विनिर्माण और निर्यात के नए अवसर खुले हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 40 से अधिक युद्धपोत और पनडुब्बियां नौसेना में शामिल की गई हैं जबकि 45 बड़े नौसैनिक मंच निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं बल्कि भारत की औद्योगिक क्षमता का प्रमाण और देश के भविष्य का संकेत हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रविवार को नौसेना में शामिल किए गए तीनों पोतों के निर्माण में भारतीय उद्यमों, इंजीनियरों और श्रमिकों ने योगदान दिया है। इन पोतों का डिजाइन भारतीय नौसेना के ‘वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो’ ने तैयार किया है और इनका निर्माण कोलकाता स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी ‘गार्डन रीच शिपबिल्डर्स ऐंड इंजीनियर्स लिमिटेड’ ने किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इन पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और इनके निर्माण में 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) समेत भारतीय उद्योग ने व्यापक भागीदारी की है। **भाषा**

---

**ईरान-अमेरिका शांति वार्ता जारी**

# ट्रंप ने फिर हमले की दी धमकी

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ फिर युद्ध शुरू करने की धमकी दी है। रविवार को ट्रंप की यह धमकी ऐसे समय में आई है जब उप-राष्ट्रपति जे डी वेंस शांति समझौते के तहत पहली बातचीत के लिए ईरान के अधिकारियों से मिल रहे थे। इस बातचीत से पहले ईरान ने भी ऐलान कर दिया था कि उसने होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया है।

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे कतर के स्वामित्व वाले स्विस पहाड़ी रिसॉर्ट बर्गेंस्टॉक में हुई यह बातचीत एक सप्ताह पहले हुए समझौता ज्ञापन की शर्तों के तहत आयोजित पहली बैठक थी। इस समझौते में होर्मुज स्ट्रेट फिर खोलने और लेबनान सहित सभी तरह की सैन्य गतिविधियों को रोकने की बात कही गई थी। मगर ईरान ने कहा कि अमेरिका लेबनान में लड़ाई रोकने का अपना वादा पूरा करने में विफल रहा है। ईरान ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद कर दिया है और रविवार की बातचीत में ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा नहीं होगी।

ट्रंप ने कहा, ‘ईरान को लेबनान में अपने ‘सहयोगियों’ को गड़बड़ी फैलाने से तुरंत रोकना होगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो हम ईरान पर भीषण हमला करेंगे। यह हमला ठीक वैसे ही होगा जैसे हमने पिछले हफ्ते किया था, बल्कि उससे भी अधिक जोरदार।’ बातचीत के दौरान जहां अमेरिका और ईरान के अधिकारी कतर के मध्यस्थों की मौजूदगी में मिले वहीं वेंस ने लेबनान में हिंसा के असर को अधिक तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि हाल में लेबनान में लड़ाई खत्म करने की दिशा में प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, ‘ऐसी चीज़ें हमेशा थोड़ी उलझी हुई होती हैं’। शुक्रवार को लेबनान में नए संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद वहां लड़ाई खत्म होने के बहुत कम संकेत मिले हैं। **एजेंसियां**




अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और कतर के प्रधानमंत्री

---

# योग वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है: मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे हर आयु वर्ग के लोगों को अपनाना चाहिए।

मोदी ने मध्य कोलकाता के ‘रेड रोड’ पर हजारों लोगों की मौजूदगी में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को संबोधित करते हुए योग से मिलने वाली संतुलित जीवनशैली के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने हर आयु वर्ग के लोगों से योग को अपनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि काम, खानपान और नींद में संतुलन दुखों को दूर करने की कुंजी है तथा योग लोगों को यह संतुलन हासिल करने का मार्ग दिखा सकता है। मोदी ने कहा, ‘यही संतुलन जीवन की तरह योग का भी मूल आधार है।’ उन्होंने कहा, ‘आधुनिक जीवनशैली में अधिकतर लोग इस संतुलन को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। योग हमें संतुलित ढंग से जीने की कला सिखाता है। यह हमें बताता है



कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। जब हम अपने शरीर का सही तरीके से संचालन करना सीख जाते हैं तो स्वस्थ रहना हमारी आदत बन जाता है।’ प्रधानमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित नहीं करता बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के जरिये शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का मार्ग भी दिखाता है। उन्होंने कहा, ‘क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसकी चेतना न केवल मन को शांति देती है बल्कि वैश्विक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इसीलिए योग केवल हमारी व्यक्तिगत जीवनशैली के लिए ही जरूरी नहीं है बल्कि दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए भी आवश्यक है।’ मोदी ने कहा, ‘आइए, हम संकल्प लें कि योग को केवल किसी एक दिन या आयोजन तक सीमित नहीं रखेंगे बल्कि इसे अपने जीवन, अपने परिवारों और आने वाली पीढ़ियों के जीवन का हिस्सा बनाएंगे।’ मोदी ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन गया है जो विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोगों को एकजुट करता है। मोदी ने कहा, ‘पृथ्वी पर साल का सबसे लंबा दिन 21 जून अब योग के कारण सबसे बड़े सामुदायिक उत्सव का दिन बन गया है।’ **भाषा**

---

# टैबलेट की बिक्री बढ़ी और निर्यात भी दौड़ा

**सुरजीत दास गुप्ता**


**अगर** आप टैबलेट को जेन-जी या तकनीक पसंद युवाओं की ही पसंद मानकर नजरअंदाज करते आ रहे हैं तो अपनी नजर बदल डालिए। टैबलेट का बाजार दौड़ रहा है और 45 लाख यूनिट तक पहुंच चुका है। बिक्री के मामले में यह स्मार्टफोन से भी तेज भाग रहा है और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्यात में दमदार मुकाम हासिल कर रहा है। टैबलेट में अब 12 इंच की स्क्रीन आम होती जा रही है, जिससे ये लैपटॉप और मोबाइल फोन के बीच की जगह भर रहे हैं।

भारत में मझोले से बड़े आकार के ज्यादातर लैपटॉप आयात किए जाते हैं, लेकिन देसी टैबलेट बाजार में गजब की होड़ है। लेनोवो और सैमसंग जैसी जमी-जमाई कंपनियों को ऐपल और श्याओमी से टक्कर मिल रही है, जिन्होंने हाल ही में 12 इंच से बड़ी स्क्रीन वाले मॉडल पेश किए हैं। देश के भीतर विनिर्माण बढ़ने के साथ ही ये तकनीकी दिग्गज भारत का इस्तेमाल देसी बाजार के साथ निर्यात बाजार की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए भी कर रहे हैं।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक मेमरी चिप की कीमतें बढ़ने के बावजूद 2026 की पहली तिमाही में जनवरी-मार्च 2025 के मुकाबले 5 प्रतिशत ज्यादा टैबलेट बिकीं। मगर इसी दौरान स्मार्टफोन निर्यात में साल भर पहले के मुकाबले 3 प्रतिशत गिरावट आई।

ग्राहकों की बदलती पसंद इससे साफ हो जाती है कि 2026 की पहली तिमाही में 13 इंच और उससे बड़े टैबलेट का निर्यात सबको हैरत में डालते हुए 338 प्रतिशत बढ़ गया। कभी लोकप्रिय रहे 11 से 11.9 इंच के छोटे टैबलेट का निर्यात 29 प्रतिशत उछला। मगर 9.9 इंच से छोटे टैबलेट का निर्यात 52 प्रतिशत और 10 से 10.9 इंच के टैबलेट का निर्यात पूरे 76 प्रतिशत लुढ़क गया।

स्मार्टफोन की तरह ही टैबलेट बाजार भी प्रीमियम होता जा रहा है। 2026 की पहली तिमाही में बिके टैबलेट्स की औसत कीमत पिछले साल पहली तिमाही की औसत कीमत से 20 प्रतिशत ज्यादा रही।




---

**SONA COMSTAR**

## सोना बी एल डब्ल्यू प्रिसीशन फोर्जिंग्स लिमिटेड

**(CIN: L27300HR1995PLC083037)**

**पंजीकृत कार्यालय:** सोना एन्क्लेव, ग्राम बेगमपुर खटोला सेक्टर 35, गुरुग्राम–122004, हरियाणा, **दूरभाष नंबर :-** 0124 – 476 8200

**ईमेल :** investor@sonacomstar.com **वेबसाइट:** www.sonacomstar.com

### शेयरधारकों को 30वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

**एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसीशन फोर्जिंग्स लिमिटेड ("कम्पनी") की 30वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम), बुधवार, 15 जुलाई, 2026 को दोपहर 12.00 बजे (आईएसटी), वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग मोड (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से**, सदस्यों की प्रत्यक्ष उपस्थिति के बिना, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जानी निर्धारित है।

कम्पनी, कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) के सामान्य सर्कुलर नंबर 3/2025 दिनांकित 22 सितम्बर, 2025 के साथ पठित सर्कुलर नंबर 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020, सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, सर्कुलर नंबर 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 और एमसीए द्वारा इस संबंध में जारी अन्य लागू सर्कुलर्स तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी लागू सर्कुलर्स के अनुसार 30वीं एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा **शनिवार, 20 जून, 2026** को कम्पनी के उन सभी सदस्यों को भेज चुकी है, जिनका ई–मेल पता **शुक्रवार, 12 जून, 2026** को कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास पंजीबद्ध है। वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता, सेबी द्वारा जारी उपरिवर्णित सर्कुलर्स के संदर्भ में, समाप्त कर दी गई है। 30वीं एजीएम की सूचना तथा कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.sonacomstar.com** पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.nseindia.com** पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट **evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है। सदस्यगण कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट **https://sonacomstar.com/investor/annual-reports-and-returns** के माध्यम से देख सकते हैं।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(ख) के प्रावधानों के अनुसरण में, कंपनी उन शेयरधारकों, जिनकी ई–मेल आईडी कंपनी या उसके रजिस्ट्रार ऐंड शेयर ट्रांसफर एजेंट या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंट्स) के पास पंजीकृत नहीं हैं, को भी एक पत्र भेजेगी, जिसमें कंपनी की वेबसाइट का वेबलिंक और क्यूआर कोड दिया जाएगा, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट देखी जा सकेगी।

सदस्यगण एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग ले सकते हैं। एजीएम से जुड़ने के लिए अनुदेश तथा डीमैटीरियलाइज्ड मोड, भौतिक मोड में शेयरों के धारक सदस्यों के लिए रिमोट ई–वोटिंग अथवा वोट डालने की विधि और उन सदस्यों, जिनके द्वारा अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, के लिए 30वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने की विधि एजीएम की सूचना में सविस्तार दी गई है, जो सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा शनिवार, 20 जून, 2026 को भेजी जा चुकी है। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग ले रहे सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 के तहत अनुरक्षित निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों तथा उनकी शेयरधारिता का रजिस्टर, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत उन संविदाओं अथवा व्यवस्थाओं का रजिस्टर, जिनमें निदेशकों के हित हैं, वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना और सूचना तथा व्याख्यात्मक विवरण में संदर्भित सभी अन्य दस्तावेज, जिनमें भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी फायदे और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 के विनियम 13 के तहत कम्पनी के सचिवीय लेखापरीक्षकों के प्रमाणपत्र शामिल हैं, इस सूचना के प्रसारण की तिथि से एजीएम की तिथि अर्थात **बुधवार, 15 जुलाई, 2026** तक तथा एजीएम के दौरान भी इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा बिना कोई शुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। इन दस्तावेजों के निरीक्षण के इच्छुक सदस्यगण **investor@sonacomstar.com** को ई–मेल भेज सकते हैं।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली 2014 (समय समय पर संशोधित अनुसार) के नियम 20 तथा सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली, 2015 (समय समय पर संशोधित अनुसार) के विनियम 44 और सेबी तथा एमसीए सर्कुलर्स के अनुसरण में, कम्पनी सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी ने इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) के साथ अधिकृत एजेन्सी के तौर पर, एक अनुबंध निष्पादित किया है।

सदस्यगण, जिनके नाम **कट–ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 8 जुलाई, 2026** को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज मौजूद होंगे, इस सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर वोट डालने के हकदार होंगे। कोई व्यक्ति, जो कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसको एजीएम की यह सूचना जानकारी मात्र के निमित्त समझनी चाहिए। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद सदस्य को बाद में इसमें परिवर्तन करने अथवा एजीएम के दौरान दोबारा वोट देने की अनुमति नहीं होगी। सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी आम बैठक में भाग ले सकता है, परंतु वह बैठक में दोबारा वोट डालने का हकदार नहीं होगा। कोई शेयरधारक, जिसने इस सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित किए हैं, वह एजीएम की सूचना में वर्णित प्रक्रिया अपना कर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

रिमोट ई–वोटिंग अवधि **रविवार, 12 जुलाई, 2026 को पूर्वाहन 09.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा मंगलवार, 14 जुलाई, 2026 को अपराहन 05.00 बजे (आईएसटी)** समाप्त होगी। तदुपरांत, एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्यगण, जिनके नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात **बुधवार, 8 जुलाई, 2026** को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज मौजूद होंगे, वे अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकेंगे। सदस्यों का वोटिंग अधिकार, कट–ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होगा।

**जिन सदस्यों ने ई–मेल पता पंजीकृत/अद्यतित नहीं करवाया है, उनसे निम्नवर्णित प्रक्रिया अपनाने का अनुरोध किया जाता है :**

**ईमेल पतों को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका उन सदस्यों के लिए जिनके शेयर डीमैटीरियलाइज्ड मोड में हैं :** डीमैटरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से संपर्क करके अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करें।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने श्री नीतेश लातवाल (सदस्यता सं. – एसीएस32109 ; सीपी नंबर 16276) और उनकी अनुपस्थिति में श्री अजय खंडेलवाल (सदस्यता संख्या – एफसीएस 12387 ; सीपी नंबर 18606) पार्टनर्स मैसर्स पीआई ऐंड एसोसिएट्स, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरीज की फर्म को एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम द्वारा वोटिंग तथा रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।

वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए अंतिम लाभांश हेतु शेयरधारकों के अधिकार निर्धारण के प्रयोजनार्थ रेकार्ड तिथि **शुक्रवार 26 जून, 2026** है। अंतिम लाभांश का भुगतान, आगामी एजीएम में शेयरधारकों द्वारा इसकी घोषणा/अनुमोदन की तिथि से 30 दिन के भीतर किया जाएगा। लाभांश प्राप्त करने में देरी से बचने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरीज के पास अपना केवाईसी अद्यतित करवा लें। जो सदस्य लाभांश के भुगतान की तिथि को भुगतान सीधे अपने बैंक खाते में प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक बैंक आदेश पंजीकृत करवाने के इच्छुक हैं, उनके लिए उसकी विधि का विस्तृत विवरण एजीएम की सूचना में दिया गया है।

किसी संदेह की स्थिति में, सदस्यगण कम्पनी से 91–124–4768200/ई–मेल आईडी : **investor@sonacomstar.com** पर सम्पर्क करें अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट्स, मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय पता : सेलेनियम बिल्डिंग, टावर बी, प्लॉट नंबर 31–32, गाचीबावली, वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, हैदराबाद–500 032, सम्पर्क विवरण : टोल फ्री नंबर : 1800–3094–001 से सम्पर्क करें अथवा ई–मेल आईडी : **einward.ris@kfintech.com** पर ई–मेल अनुरोध भेजें।

SONA | SONA BLW | SONA COMSTAR | COMSTAR | COMSTAR | E-STAR (E-STAR)

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
सोना बी एल डब्ल्यू प्रिसीशन फोर्जिंग्स लिमिटेड
हस्ता./–
पंकज गुप्ता
सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (लीगल),
कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी
M.No. F4647

दिनांक : 20 जून, 2026
स्थान : गुरुग्राम